संख्या-49/2016-1339 ई-2/तेरह-2016-110/2015

प्रेषक,

विनोद कुमार तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 19 जुलाई,2016

विषय:- मेसर्स परनॉड रिकार्ड इण्डिया (प्रा0) लि0, दौराला, जनपद-मेरठ को विदेशी मदिरा की त्वरित थोक आपूर्ति किये जाने हेतु जनपद-लखनऊ में वर्ष 2015-16 के लिये एक अतिरिक्त एफ0एल0-1ए अनुज्ञापन जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-185/दस-लाइसेंस-96/एफ0एल0-1ए/ परनॉड एट लखनऊ/2015-16, दिनांक 30 जनवरी,2016 तथा पत्र संख्या-जी-52/दस-लाइसेंस-96/एफ0एल0-1ए/ परनॉड एट लखनऊ/2015-16, दिनांक 27 मई,2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्रों द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त सुसंगत नियमावलियों में विहित प्रारूप एवं निर्धारित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिये मेसर्स परनॉड रिकार्ड इण्डिया प्रा0लि0, दौराला, जनपद मेरठ अनुज्ञापी एफ0एल0-3ए एट दौराला मेरठ के पक्ष में जनपद लखनऊ के लिये राजस्वहित में एक अतिरिक्त एफ0एल0-1ए अनुज्ञापन स्वीकृत करने की अनुमति एतदद्वारा प्रदान की जाती है।

कृपया तदनुसार आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(विनोद कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in